हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

सोमवार, 20 फरवरी 2017, बरेली, पांच प्रदेश, 20 संस्करण, नगर

www.livehindustan.com

सालाना जलसे में छात्रों ने दिखाया दम

एसआरएमएस

बरेली | प्रमुख संवाददाता

श्री राम मूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय राष्ट्र-स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता आमोद-2017 एवं संस्कृतिक कार्यक्रम जेस्ट-2017 के दूसरे दिन कई इवेंट हुए। रविवार को टायरो एवं वर्व क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम अश्वमेध में प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रमों की शुरुआत छात्राओं की खो-खो फाइनल मैच के साथ हुई।

दूसरे दिन हुए कार्यक्रमों में मल्टी सीन, चारकोलेट, सॉन्ग, ग्राफ्टीका आयोजन पूरे दिन विभिन्न स्थानों पर चलता रहा। आमोद विद्यार्थियों ने टीटी, खो-खो, फुटबॉल, शतरंज, कैरम, बास्केट बॉल आदि खेल का आनन्द लिया। शाम को समापन समारोह हुआ इसमें सभी कालेजों के करीब 2000 छात्र/छात्रायें उपस्थित थे। अध्यक्षता चेयरमैन देवमूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने विजेता, उपविजेता प्रतिभागियों व टीमों को पुरस्कार एवं पदक देकर उत्साहवर्धन किया। ट्रस्टी आशा मूर्ति, रिचा मूर्ति, ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा, डीन एकेडमिक्स डा. प्रभाकर गुप्ता, प्राचार्य डा. अनन्त श्रीवास्तव मौजूद थे।

एसआरएमएस में दो दिवसीय जेस्ट व आमोद में खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया।

खेल के परिणाम : खो-खो बालिका वर्ग में एसआरएमएस सीईटी ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिन्टन बालक वर्ग में एमआईटी मुरादाबाद ने प्रथम तथा एसआरएमएस सेकेंड रहा। बालिका वर्ग में एमआईटी मुरादाबाद ने प्रथम तथा आईएमएस सेकेंड रहा।

100 मीटर दौड़ एसआरएमएस की मनीषा प्रथम, अनुपमा सेकेंड और अंशिता अग्रवाल तृतीय रहीं। 200 मीटर बालक वर्ग में एसआरएमएस के रेहान प्रथम, अभिनव मिश्रा सेकेंड और आलोक थर्ड रहे। 200 मीटर दौड़ बालिका में अंजलि प्रथम रहीं। ऊंची कूद में एसआरएमएस की मनीष पाण्डे प्रथम, किरीशुक सिंह द्वितीय और कृति मोहन थर्ड रहे। लम्बी कूद में रेहान अहमद ने बाजी मारी।

लम्बी कूद बालिका में एसआरएमएस की अन्नपूर्णा प्रथम रहीं। मोनो एक्ट में हिमांशु केसरी प्रथम और चाकोलेट में आशुतोष साहू प्रथम स्थान पर रहे। सोलो डांस बालिका में भारतीय शर्मा प्रथम, रंगोली में वन्दना एंव प्रिया पाण्डे प्रथम रहीं।

ओबीसी के स्थापना दिवस में किया रक्तदान

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स ने रविवार को 75 वां स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज और आईएमए के सहयोग से रक्तदान शिविर भी लगाया गया। इसमें बीएल एग्रो के एमडी घनश्याम खंडेलवाल सहित कई लोगों ने रक्तदान किया।

एसआरएमएस के चेयरमैन देवमूर्ति, रचिन अग्रवाल, सुनील गुप्ता आदि ने बैंक को 75 वें स्थापना दिवस पर बधाई दी। बैंक के उपमहाप्रबंधक सुरेन्द्र कुमार वर्मा ने स्टाफ को अच्छा काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही डिजिटल बैंकिंग के अंतर्गत ओरिएंटल प्रीमियम कार्ड, ओरिएंटल प्रीपैड कार्ड, ओरिएंटल बटुआ आदि के संबंध में जानकारी दी। ओरिएंटल बटुआ एक ई-वैलट है, जिससे सभी तरह का भुगतान किया जा सकता है। सहायक महाप्रबंधक श्रीदत्त शर्मा, मुख्य प्रबंधक हरि मोहन तिवारी, मनोज वैश्य, अरविंद जैन, संजय अग्रवाल आदि अधिकारी मौजूद रहे।

ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स ने रविवार को अपना 75 वां स्थापना दिवस मनाया।